प्रसार भारती
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 15.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री ने सडक दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने और उन्हें इलाज की गारंटी देने के लिए ''पीएम राहत योजना'' को मंजूरी दी।

2— केंद्रीय गृह मंत्री ने वितरण तंत्र में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से देश की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा का किया शुभारंभ।

3— महाशिवरात्रि का पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

4— राजिम कुंभ कल्प मेला और मैनपाट महोत्सव का आज होगा समापन।

**''पीएम राहत योजना''**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सडक दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने और उन्हें इलाज की गारंटी देने के लिए ''पीएम राहत योजना'' को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत किसी भी तरह की सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में सात दिन तक इलाज के लिए डेढ लाख रुपये तक के नकद रहित इलाज का खर्च सरकार वहन करेगी। इलाज करने वाले अस्पतालों को मोटर वाहन दुर्घटना कोष से भुगतान किया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री–शुभारंभ

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के किसानों के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आश्वस्त किया है कि सभी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की रक्षा बरकरार रखी जाएगी। श्री शाह ने आज गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में देश की पहली केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का शुभारंभ करने के बाद यह बात कही। उन्होंने विपक्ष के दावों का खंडन करते हुए कहा कि भारत–अमरीका व्यापार समझौते और भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते में किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों की रक्षा की गई है।

होल्ड बाईट–अमित शाह

(30 सेकेण्ड)

**यूरोपीय यूनियन के साथ हुए एफडीए और अमरीकी ट्रेड डील दोनों समझौते में किसानों को पूर्णतया नरेन्द्र मोदी जी ने सुरक्षित किया है। किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं मैं आज फिर से एक बार भारत के मछुआरों को भारत के पशुपालकों को और भारत के किसानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि कभी भी आपके हितों के साथ समझौता भारतीय जनता पार्टी के नेता नरेन्द्र मोदी कर ही नहीं सकते।**

गृहमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नई डिजिटल टोकन आधारित वितरण प्रणाली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार को समाप्त करेगी और वितरण प्रक्रिया में आवश्यक पारदर्शिता लाएगी।

महाशिवरात्रि–01

महाशिवरात्रि का पर्व आज देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी शिवालयों में सुबह से ही जलाभिषेक और पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने नदियों में पुण्य स्नान भी किया। रायपुर के महादेवघाट स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर में भी श्रद्धालु बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम कोसमनारा स्थित श्री सत्यनारायण बाबा धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ और श्री सत्यनारायण बाबा की पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं।

**होल्ड बाईट–मुख्यमंत्री**

**(13 सेकेण्ड)**

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जिला खनिज न्यास मद के तहत एक करोड़ बीस लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

वहीं, गरियाबंद जिले में महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर आयोजित राजिम कुंभ कल्प मेले में आज सुबह हजारों लोगों ने पुण्य स्नान कर कुलेश्वर महादेव की पूजा की। इस अवसर पर नागा साधुओं के साथ विभिन्न अखाड़ों से पहुंचे साधु–संतों ने भी शाही स्नान किया। एक फरवरी से शुरू हुए इस मेले का आज समापन हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

उधर, जांजगीर–चांपा की धार्मिक नगरी खरौद स्थित लक्ष्मणेश्वर मंदिर में आज सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। आठवीं शताब्दी में बने इस मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं।

<u>महाशिवरात्रि–02</u>

वहीं, सक्ती जिले के तुर्रीधाम में भी भगवान शिव के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी–लंबी कतारें लगी रहीं। तुर्रीधाम में महाशिवरात्रि के अवसर पर पंद्रह दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है।

महाशिवरात्रि के अवसर पर आज बलरामपुर जिले में चनान नदी के तट पर स्थित प्राचीन शिवगढ़ी शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। पूरा क्षेत्र "हर–हर महादेव" के जयकारों से गूंज उठा।

दुर्ग जिले के बैकुंठधाम, रुक्खड़नाथ नारधा और अन्य शिव मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना, अभिषेक और भजन कीर्तन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिवनाथ नदी के तट पर बर्फ से आकर्षक शिवलिंग का निर्माण कराया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## मैनपाट महोत्सव

सरगुजा जिले के मैनपाट में आयोजित तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव का आज समापन हो रहा है। आज शाम बॉलीवुड गायिका कनिका कपूर, रायगढ़ घराने की कथक नृत्यांगना ज्योतिश्री वैष्णव और छत्तीसगढ़ी गायक आयुष नामदेव अपनी प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

महोत्सव के दूसरे दिन कल छत्तीसगढ़ी लोक गायिका अलका चंद्राकर और इण्डियन आइडल फेम वैशाली रायकवार ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। वहीं, जांजगीर–चाम्पा के ट्रांसजेंडर कलाकारों ने 'नौ दुर्गा' के रूप में नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा अंबिकापुर की स्कूली छात्राओं ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला।

## सरगुजा ओलंपिक

सरगुजा ओलंपिक के तहत पांच से तेरह फरवरी तक आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में संभाग के सभी छह जिलों के दस हजार पांच सौ से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, कुश्ती, कराटे, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी और बास्केटबॉल जैसे खेल शामिल थे। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

सरगुजा ओलंपिक के संभाग स्तरीय विजेताओं को खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य में संचालित खेल अकादिमों में सीधे प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही उन्हें यूथ आइकॉन भी घोषित किया जाएगा। ये यूथ आइकॉन बच्चों और युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

गौरतलब है कि सरगुजा ओलंपिक के पहले चरण में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए करीब साढ़े तीन लाख खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया था। इनमें एक लाख उनसठ हजार से अधिक पुरुष और एक लाख नवासी हजार से अधिक महिला खिलाड़ी शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री–अघोर गुरू पीठ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायगढ़ जिले के बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ ब्रह्मनिष्ठालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की।

## मुख्यमंत्री–कोसमनारा धाम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायगढ़ जिले के कोसमनारा धाम में साहू समाज द्वारा आयोजित स्थापना दिवस और शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कोसमनारा में सामुदायिक भवन के विस्तार के लिए पचास  लाख रुपये देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि साहू समाज के लोग एकजुट होकर प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले पच्चीस लाख से अधिक किसानों को इकतीस सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर की राशि होली से पहले एकमुश्त प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि ही सरकार की प्राथमिकता है।

## गेट परीक्षा–आरोपी गिरफ्तार

इंजीनियरिंग में स्नातक योग्यता परीक्षा–गेट में नक़ल कराने की साजिश रचने के मामले में रायपुर पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

रायपुर के पश्चिम जोन के पुलिस उपायुक्त संदीप पटेल ने आज एक पत्रकारवार्ता में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से परीक्षार्थियों को अनुचित लाभ दिलाने के लिए नकल कराने की योजना बनाई जा रही है। इसके आधार पर पुलिस की संयुक्त टीम ने सरोना

परीक्षा केन्द्र के पास से इन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनमें से तीन छात्र परीक्षा केन्द्र में बैठकर परीक्षा दे रहे थे, जबकि तीन अन्य आरोपी परीक्षा केन्द्र के बाहर ब्लूटूथ डिवाइस के माध्यम से उन्हें नकल करा रहे थे। गिरफ्तार सभी आरोपी हरियाणा के रहने वाले बताए गए हैं। इनके पास से ब्लूटूथ ईयर डिवाइस, ब्लूटूथ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ नकल कराने से संबंधित सामग्री बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट और लोक परीक्षा अनुचित साधन कानून के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

<u>प्रशिक्षु उपनिरीक्षक–प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>

रायपुर के चंदखुरी स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी में आठ सौ सत्तर प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया। इनमें पांच सौ सैंतीस उपनिरीक्षक, चौव्वन सूबेदार, दो सौ ग्यारह प्लाटून कमांडर और अड़सठ उपनिरीक्षक–एसबी शामिल हैं।

इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वहीं, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि पुलिस अधिकारी के लिए सतत् अध्ययन, विधिक समझ, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता आवश्यक है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>